Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 16-08-2005

Participants : Yadav Dr. Karan Singh

>

Title : Need to introduce a D.M.U. service between Alwar and Delhi.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : महोदय, मेरा लोक सभा क्षेत्र अलवर राट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत आता है। अलवर के अलावा क्षेत्र के खैरथल, अजरका, हरसौली व हरियाणा के रिवाड़ी स्टेशन से हजारों की संख्या में प्रतिदिन दैनिक यात्री दिल्ली रोजगार हेतु आते हैं। केन्द्रीय सरकार व निजी क्षेत्र में काम करने वाले दैनिक यात्रियों के आवागमन का उचित साधन नहीं है। इस रूट पर चलने वाली एक दो सुपरफास्ट ट्रेन सम्पूर्ण रूप से आरक्षित है तथा सामान्य श्रेणी के यात्रियों के बैठने के लिए एक अथवा डेढ़ ही डिब्बे लगे हुए हैं।

राट्रीय राजधानी क्षेत्र की इस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मेरी माननीय रेल मंत्री जी से प्रार्थना है कि वे शीघ्र ही एक डी0एम0यू0 अलवर से दिल्ली के बीच चलाने की कृपा करें।